भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या 2733

उत्तर देने की तारीख 19 दिसम्बर, 2023
28 अग्रहायण, 1945 (शक)

खेल के बुनियादी ढांचे का विकास

2733. श्री राजन बाबूराव विचारे:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने उभरते खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय मानकों के समानांतर प्रदर्शन करने के लिए विदेशों में कोचिंग शिविरों सहित खेल के बुनियादी ढांचे और विश्व स्तरीय प्रशिक्षण सुविधाओं के विकास के लिए पर्याप्त निधि उपलब्ध करायी है;

(ख) यदि हां, तो महाराष्ट्र के लिए तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं; और

(घ) सरकार द्वारा खेलों के लाभ और विकास के लिए ठाणे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में एक बहुउद्देशीय खेल स्टेडियम के निर्माण के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(श्री अनुराग सिंह ठाकुर)

(क) और (ख): जी हां। सरकार ने महाराष्ट्र राज्य सहित देशभर के उदीयमान खिलाड़ियों को अंतरराष्ट्रीय स्तर प्राप्त करने के लिए विदेशों में कोचिंग शिविरों के लिए धनराशि के प्रावधान सहित पर्याप्त खेल अवसंरचना और विश्व स्तरीय खेल प्रशिक्षण सुविधाएं विकसित की हैं। यह खेलो इंडिया स्कीम, राष्ट्रीय खेल परिसंघों को सहायता, टारगेट ओलंपिक पोडियम स्कीम और भारतीय खेल प्राधिकरण की खेल प्रोत्साहन स्कीम जैसी स्कीमों के माध्यम से हासिल हुआ है।

(ग) उपरोक्त (क) और (ख) के मद्देनजर सवाल नहीं उठता।

(घ) 'खेल' राज्य का विषय होने के कारण, खेलों के विकास का उत्तरदायित्व मुख्य रूप से संबंधित राज्य/संघ राज्यक्षेत्र की सरकारों का होता है। केंद्र सरकार उनके प्रयासों में सहायता करती है। खेलो इंडिया स्कीम के तहत, इस मंत्रालय ने महाराष्ट्र में ठाणे संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में 01 बहुउद्देशीय हॉल और 01 खेलो इंडिया केंद्र को मंजूरी दी है।

*****